हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 331 देहरादून मंगलवार 24 फरवरी 2026 मूल्य :रू 2 पृष्ठ : 8

## सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा के लिए बनेगी एसओपी : सीएम धामी

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी कार्यालयों और कार्यस्थलों पर अधिकारी- कर्मचारी और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए मुख्य सचिव को एसओपी बनाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर, 21 फरवरी को प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में हुई घटना के साथ ही हाल के समय में अन्य स्थानों पर सरकारी अधिकारी- कर्मचारियों के साथ हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए, ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कर्मचारी नेताओं की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि सरकार कार्मिकों के मान - सम्मान और सुरक्षा को लेकर हमेशा गंभीर रही है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को फोन कर, अधिकारी, कर्मचारियों और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने डीजीपी को भी निर्देश दिए हैं कि सरकारी कार्यालयों



पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, साथ ही इस तरह की घटनाओं पर त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाए, उन्होंने एसएसपी देहरादून को भी शिक्षा निदेशालय में हुई घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मौके पर राज्य औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह पंवार, उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के अध्यक्ष राम सिंह चौहान, महामंत्री मुकेश बहुगुणा एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### संगठनों ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

देहरादून(संवाददाता)। विभिन्न राजनैतिक दलों और जनसंगठनों के प्रतिनिधियों ने बिगड़ती कानून व्यवस्था और प्रारंभिक शिक्षा के निदेशक पर हमले में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को सीपीआईएम सचिव अनंत आकाश ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौडियाल पर हुए जानलेवा हमले के बाद पूरे प्रदेश की जनता में असुरक्षा और भय का वातावरण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षा निदेशक की सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। इस दौरान सीटू के महामंत्री लेखराज, उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के संरक्षक नवनीत गुसांई, राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के महामंत्री बालेश बबानिया, सचिव अभिषेक भंडारी, सुरेश कुमार, राजेश शर्मा, शान्ति प्रसाद ,नितिन आदि मौजूद रहे।

## रोपवे परियोजनाओं को गति देने हेतु प्रथम बोर्ड बैठक आयोजित

देहरादून(संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में उत्तराखंड में रोपवे परियोजनाओं के विकास, क्रियान्वयन, संचालन एवं रखरखाव से संबंधित विभागों, हितधारकों तथा पीपीपी कंपनियों के साथ प्रथम बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न जनपदों में गतिमान एवं प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित जिलाधिकारियों से भी परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था व मोबिलिटी के लिए रोपवे परियोजनाएं अहम: मुख्य सचिव ने रोपवे परियोजनाओं को प्रदेश की अर्थव्यवस्था, पर्यटन, मोबिलिटी एवं समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इनके कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विजिबिलिटी स्टडी जैसी प्रक्रियाओं को प्रारंभिक चरण में ही हाई पावर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, जिससे परियोजनाओं के सभी पक्षों पर समय रहते विस्तृत विचार-विमर्श संभव हो सके।साथ ही, रोपवे से संबंधित प्रस्तावों की गहन व त्वरित स्क्रूटनी कर सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि अनावश्यक विलंब से बचा जा सके।समन्वय, समयबद्धता और पीपीपी परियोजनाओं पर विशेष जोर: मुख्य सचिव ने पीपीपी मोड पर बनने वाली रोपवे परियोजनाओं के तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुमोदनों सहित सभी औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। देहरादूनख्रमसूरी रोपवे परियोजना में हो रही देरी पर संज्ञान लेते हुए इसकी प्रगति में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।उन्होंने जिला प्रशासन, सरकारी निर्माण एजेंसियों, लोक निर्माण विभाग, सुरक्षा एजेंसियों (पुलिस) के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर स्थानीय स्तर पर आने वाली चुनौतियों का समाधान करने को कहा। साथ ही, जिन मुद्दों को हाई पावर कमेटी अथवा बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है, उन्हें समय से प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज पांडेय, धीरज सिंह गर्ब्याल, अपर सचिव अभिषेक रूहेला, एनएचएलएमएल से प्रशांत जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार...

### सपा राष्ट्रीय सचिव ने सरकार पर साधा निशाना

देहरादून(संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ सत्यनारायण सचान ने एक बयान जारी कर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर अंकिता भंडारी हत्याकांड के मामले में जिस वीआईपी का नाम सामने आ रहा है, उसे क्यों बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार पलायन नहीं रोक पाई और बेरोजगारों को रोजगार नहीं दे पा रही। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में यूपी और उत्तराखंड से बीजे की विदाई तय है।

### पटेलनगर में विधायक ने किया सीसी सड़क का शिलान्यास

देहरादून(संवाददाता)। कैंट विधायक सविता कपूर ने वार्ड 44 पटेल नगर में सोमवार को विधायक निधि से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कैंट विधायक सविता कपूर ने कहा कि नव निर्मित कॉलोनी में काफी समय से सड़क की समस्या थी। क्षेत्रवासियों ने उन्हें समस्या से अवगत कराया। जिसके बाद स्वीकृति की सभी प्रक्रिया पूरी होने पर कार्य शुरू कर दिया गया। लोक निर्माण विभाग, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण और अन्य विभागों के माध्यम से हर वार्ड में विकास कार्य चल रहे हैं।

### डीएम सविन बंसल ने किया कोरोनेशन अस्पताल का निरीक्षण, ब्लड बैंक निर्माण में तेजी के निर्देश

देहरादून(संवाददाता)। डीएम सविन बंसल ने सोमवार को दून के कोरोनेशन अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की ओपीडी और आईपीडी का सघन भ्रमण कर मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# सम्पादकीय

## समझौते की घोषणा किसी को पता नहीं

हरिशंकर व्यास लाख टके का सवाल है आज अमेरिका के साथ जिस व्यापार संधि की बात है उसका असल कौन जानता है? क्या कैबिनेट में विचार हुआ? मंत्रियों के समूह, सचिवों के समूह में विचार हुआ? सवाल यह भी है कि अकेले अमेरिका के राष्ट्रपति ने समझौते की घोषणा क्यों की? क्यों फिर एक घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप का आभार जताया, पुष्टि की? साझा घोषणा क्यों नहीं हुई? याद करें इसी तरह ट्रंप ने एकतरफा तरीके से 10 मई 2025 को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान किया था। उसके आधे घंटे के बाद भारत की ओर से एक मिनट से भी कम की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी, जिसमें सीजफायर की पुष्टि की गई थी। इसी तरह ट्रंप ने ही ऐलान किया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा और यह भी ऐलान किया कि भारत अब वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। सवाल है जब साझा बयान तैयार नहीं है, समझौते की बातचीत पूरी तरह से फाइनल नहीं हुई है और तत्काल कोई प्रावधान लागू नहीं हो रहा था तो सोमवार, दो फरवरी की देर रात को इसकी घोषणा की क्या जरुरत थी? ध्यान रहे वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अगले चार पांच दिन में साझा बयान तैयार हो जाएगा और उसकी घोषणा हो जाएगी। इसके बाद एक हफ्ते में भारत पर लगा टैरिफ कम होगा और मार्च के मध्य में श्पहला ट्रांच्र यानी समझौते के पहले हिस्से की घोषणा होगी। ऐसे में क्या यह उचित नहीं होता कि जब साझा बयान तैयार हो जाए तभी एक साथ उसकी घोषणा होती? पीयूष गोयल ने कहा है कि साझा बयान पर दस्तखत वर्चुअल तरीके से हो सकता है। जब ऐसा ही होना है तब तो यह और भी अच्छी स्थिति थी कि इंतजार किया जाता और एक साथ समझौते की घोषणा होती! लेकिन आनन फानन में दो फरवरी की रात को सवा नौ बजे के करीब भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात हुई है। उन्होंने लोगों को जुड़े रहने को भी कहा। इसके थोड़ी देर के बाद रात 10 बजे के करीब राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लंबी पोस्ट लिख कर कहा कि भारत के साथ समझौता हो गया। इसके एक घंटे बाद रात 11 बज कर दो मिनट पर प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी पुष्टि की। ध्यान रहे सोमवार को दिन में राहुल गांधी संसद में पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब का अंश लेकर संसद में पहुंचे थे और अपने भाषण में इसे उठाने का प्रयास किया था। हालांकि उनको बोलने नहीं दिया गया लेकिन सबको पता चल गया कि 31 अगस्त 2020 की रात को क्या हुआ था। कैसे भारत के राजनीतिक नेतृत्व ने सेना और सेना प्रमुख को उनके हाल पर छोड़ दिया था। उसी दिन रात में समझौते की खबर आई। लेकिन राहुल गांधी पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। वे अगले दिन किताब लेकर संसद में पहुंचे और यह भी कहा कि श्प्रधानमंत्री कंप्रोमाइज्ड हैं्। राहुल ने कहा कि अमेरिका ने एपस्टीन फाइल्स की बहुत सी बातें अभी सार्वजनिक नहीं कीं। उनके मुताबिक एपस्टीन फाइल्स और अडानी के ऊपर मुकदमे की वजह से प्रधानमंत्री दबाव में हैं और इस वजह से समझौता हुआ है। पता नहीं हकीकत क्या है लेकिन सरकार की हड़बड़ी और टाइमिंग पर निश्चित रूप से सवाल खड़े होते हैं। हड़बड़ी की बात इसलिए है क्योंकि समझौते की घोषणा के चार दिन बाद तक किसी को पता नहीं है कि इसमें क्या है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में भी बता दिया है कि समझौता हो गया है और इसमें किसानों, पशुपालकों सहित देश के हर वर्ग के हितों का ख्याल रखा गया है। किसी के हित से समझौता नहीं किया गया है। लेकिन उधर अमेरिका के दौर पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि उनको समझौते के बारे में खास जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बारे में वाणिज्य मंत्री जान रहे होंगे। हालांकि उनके अमेरिका दौरे पर व्यापार समझौते से जोड़ कर ही देखा जा रहा है। समझौते के अगले दिन से भारत की मीडिया में यह खबर चलती रही कि जयशंकर अमेरिका गए हैं, जहां वे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से समझौते को लेकर बातचीत करेंगे। हालांकि समझौते की बातचीत में विदेश मंत्री शामिल नहीं थे इसलिए यह कहना पूरी तरह से सही नहीं था कि वे व्यापार संधि के बारे में बात करेंगे। फिर भी मीडिया में खबर चलती रही और सरकार की ओर से किसी ने इस पर पक्ष नहीं रखा। तभी लोगों ने इस पर यकीन किया। (दिल्ली)हाफिज सईद के संपर्क में था हैंडलर शब्बीर अहमद, आईएसआई कर रही थी फंडिंग; आतंकी मॉड्यूल केस में बड़ा खुलासा दिल्ली , दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आज सुबह एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान तमिलनाडु से 6 और पश्चिम बंगाल से 2 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कुछ के बांग्लादेशी नागरिक होने की भी जानकारी सामने आई है। फिलहाल सभी संदिग्धों से गहन पूछताछ की जा रही है।

# पारदर्शिता से जवाबदेही की ओर: भारत की खाद्य सुरक्षा संरचना में एआई की भूमिका

संजीव चोपड़ा पिछले एक दशक के दौरान, भारत ने अभूतपूर्व पैमाने पर अपनी खाद्य सुरक्षा संरचना का डिजिटलीकरण किया है। खरीद एवं भंडारण से लेकर परिवहन, वितरण और सब्सिडी के निपटारे तक, मूल्य श्रृंखला का हर चरण अब डिजिटल प्रणालियों द्वारा संचालित है। यह व्यवस्था निरंतर संचालन से जुड़े आंकड़े सृजित करने के साथ-साथ ही हर महीने लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों को सेवा प्रदान कर रही है। शासन संबंधी अगली चुनौती इस पारदर्शिता को प्रशासनिक जवाबदेही में बदलना है। सिर्फ दृश्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इस प्रणाली को पैटर्न की व्याख्या करने, जोखिमों को प्राथमिकता देने और समय पर प्रतिक्रिया देने में भी समर्थ होना चाहिए। इस बदलाव को देखते हुए, केन्द्र सरकार पूरी प्रणाली में निर्णय लेने की प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर रही है। खरीद प्रक्रिया के दौरान, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को कुटाई के बाद आपूर्ति किए गए चावल की गुणवत्ता का आकलन टूटे हुए दानों के प्रतिशत, अशुद्धियों और रंग में बदलाव जैसे निर्धारित मापदंडों के आधार पर दृश्य आधारित मूल्यांकन पर निर्भर करता है। बड़े पैमाने पर, मानवीय व्यक्तिपरकता के कारण नतीजे भिन्न हो सकते हैं। इसलिए, एआई से लैस स्वचालित अनाज विश्लेषक (एजीए) का उपयोग तस्वीर-आधारित विश्लेषण के जरिए इन मापदंडों का आकलन करने हेतु किया जा रहा है। माप को मानकीकृत और व्यक्तिपरकता को कम करके, ये प्रणालियां मौजूदा खरीद मानदंडों के भीतर काम करते हुए गुणवत्ता के सत्यापन में निरंतरता को बेहतर बना रही हैं। एफसीआई और सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन (सीडब्ल्यूसी) द्वारा संचालित भंडारण केन्द्रों में, निगरानी को मजबूत करने हेतु आईओटी-आधारित निगरानी प्रणालियों की शुरुआत की जा रही है। सेंसर तापमान, आर्द्रता, फॉस्फीन और कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर को मापते हैं, जबकि एआई से लैस कंप्यूटर विजन टूल स्वचालित तरीके से बोरियों की गिनती और स्टॉक के सत्यापन में सहायता करते हैं। ये प्रणालियां माल-सूची (इन्वेंट्री) और पर्यावरणीय स्थितियों से संबंधित निरंतर आंकड़े सृजित करती हैं। डीएफपीडी के वेयरहाउस ग्रेडिंग प्लेटफॉर्म, डिपो दर्पण के साथ एकीकृत, इस आंकड़े का विश्लेषण प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स का उपयोग करके खराब होने के जोखिम, स्टॉक संबंधी विसंगतियों या अनुपालन की कमियों से जुड़े पैटर्न की पहचान करने हेतु किया जा सकता है ताकि शीघ्र और अपेक्षाकृत अधिक जोखिम-आधारित पर्यवेक्षण से जुड़ी कार्रवाई संभव हो सके। खाद्यान्नों की आवाजाही के दौरान, मार्ग अनुकूलन उपकरणों (श्अन्न चक्र्र) का उपयोग करके जहां परिवहन की योजना बनाई जाती है, वहीं व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम (वीएलटीएस) ट्रक की आवाजाही से जुड़े वास्तविक समय में जीपीएस आधारित आंकड़े सृजित करते हैं। राज्यों ने मार्ग अनुकूलन के जरिए लगभग 238 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत की है। मार्ग संबंधी योजना भले ही व्यवस्थित है, लेकिन राज्यों में हजारों यात्राओं की निगरानी करना परिचालन संबंधी चुनौतियां पेश करता है। आवागमन संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने और बार-बार होने वाले मार्ग विचलन, असामान्य देरी या असामान्य ठहराव को चिह्नित करने के उद्देश्य से एआई-आधारित पैटर्न का पता लगाने और विसंगति की पहचान करने की योजना बनाई जा रही है। ये विश्लेषण निगरानी को मजबूत कर रहे हैं और परिवहन संचालन के अपेक्षाकृत अधिक केन्द्रित सत्यापन को संभव बना रहे हैं। वितरण वाले चरण में, राज्यों द्वारा रखे गए लाभार्थियों के रिकॉर्ड को स्मार्ट-पीडीएस प्लेटफॉर्म के तहत समेकित किया जाता है। इससे राशन कार्डों का एक एकीकृत राष्ट्रीय भंडार तैयार होता है। यही नहीं, इससे राज्य द्वारा परिभाषित मानदंडों के तहत संभावित रूप से अपात्र कार्डों की पहचान करने हेतु अन्य सरकारी डेटाबेस के साथ सत्यता की पुष्टि (क्रॉस-वेरिफिकेशन) भी संभव हो पाती है।

अब तक, इस तरह के सत्यापन के जरिए 8.51 करोड़ राशन कार्डों को चिह्नित किया गया है। इनमें से 2.18 करोड़ कार्डों को राज्य सरकारों द्वारा उचित प्रक्रिया के बाद हटा दिया गया है। हालांकि नामों, पतों, आधार सीडिंग और परिवार की संरचना में विसंगतियां बड़े पैमाने पर नियम-आधारित जांच की प्रभावशीलता को सीमित कर सकती हैं। संभावित नकल, संबंधित पहचानों या परिवारों के असामान्य पुनर्गठन की पहचान करने हेतु मशीन लर्निंग पर आधारित आंकड़ों के मिलान की तकनीकों का उपयोग करने की योजना बनाई जा रही है। इसके परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाले जोखिम संबंधी संकेत राज्यों द्वारा लक्षित सत्यापन में सहायता करेंगे, जिससे मौजूदा पात्रता संबंधी मानदंडों के भीतर सटीकता बेहतर होगी। लाभार्थियों की शिकायतें सेवाओं की आपूर्ति और अनाज की गुणवत्ता के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देती हैं। शिकायत दर्ज कराने हेतु कई साधन (ऑनलाइन पोर्टल, कॉल सेंटर, व्हाट्सएप और आईवीआरएस सहित) मौजूद हैं, लेकिन शिकायतों की संख्या और भाषाई विविधता के कारण समय पर उनका निपटान और समाधान करना मुश्किल हो जाता है। सरकार ने अन्न सहायता होलिस्टिक एआई सॉल्यूशन (आशा) शुरू किया है, जो बहुभाषी वॉयस आउटरीच और एआई-आधारित विश्लेषण का उपयोग करके लाभार्थियों से व्यवस्थित प्रतिक्रिया एकत्र करता है। स्वचालित वर्गीकरण और भावनाओं के विश्लेषण प्रशासकों के लिए डैशबोर्ड तैयार करते हैं, जिससे प्राथमिकता के निर्धारण और प्रतिक्रिया में लगने वाले समय में सुधार होता है। आशा वर्तमान में प्रति माह लगभग 20 लाख लाभार्थियों तक पहुंचती है और पूरे देश में इसका विस्तार किया जा रहा है। अंत में, राज्य सरकारें खरीद लागत घटकों से संबंधित सहायक दस्तावेजों के साथ एनएफएसए के लिए सब्सिडी दावे (स्कैन) पोर्टल के जरिए सब्सिडी संबंधी दावों को प्रस्तुत करती हैं। प्रारूप और चेकलिस्ट भले ही मानकीकृत हैं, लेकिन अपूर्ण, बेमेल या अस्पष्ट दस्तावेज के कारण जांच और प्रतिपूर्ति में देरी हो सकती है। दस्तावेजों की प्रासंगिकता, डेटा की निरंतरता और अपलोड की स्पष्टता की पुष्टि करने हेतु एआई-आधारित दस्तावेज सत्यापन और गुणवत्ता मूल्यांकन का उपयोग किया जा रहा है। इससे बार-बार की पूछताछ कम होती है और दावों के निपटारे की प्रक्रिया में दक्षता और निरंतरता बेहतर होती है। भारत की खाद्य सब्सिडी संरचना ने डिजिटलीकरण के जरिए पहले ही बर्बादी को कम कर दिया है। अगला बदलाव जवाबदेही में निहित है। खरीद, भंडारण, परिवहन, वितरण और दावों के निपटान की प्रक्रिया में एआई को शामिल करके, यह प्रणाली जोखिमों का शीघ्र पता लगाने, त्रुटियों को तेजी से सुधारने और लाभार्थियों को उनका हक समय पर दिलाने में अधिक समर्थ हो जाती है। कुल 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले इस कार्यक्रम में, अधिक जवाबदेही कोई मामूली सुधार नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा ढांचे की संरचनात्मक मजबूती का प्रतीक है।

हिन्दी दैनिक जोखिम

संक्षिप्त समाचार...

### भगवानपुर में जाम से थमी रफ्तार, घंटों जूझती रही पब्लिक

रुड़की (संवाददाता)। भगवानपुर कस्बे में सोमवार को यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। मुख्य बाजार से लेकर सर्विस मार्ग और इमली खेड़ा रोड तक घंटों जाम की स्थिति बनी रही, जिससे वाहन चालकों और आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।थानाध्यक्ष ने कहा कि कस्बे में वाहनों का दबाव बढ़ने से जाम की स्थिति बनी थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को कतारबद्ध तरीके से निकलवाकर मार्ग को सुचारू कराया है। यातायात व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के प्रयास जारी हैं।

### बाइक चोरी करने वाले अज्ञात के खिलाफ केस

रुड़की (संवाददाता)। क्षेत्र के ईदगाह रोड से अज्ञात चोरों ने एक युवक की बाइक चोरी कर ली। नगला चीना निवासी सागर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बीते 12 फरवरी को गदरजुड्डा से मंगलौर कस्बे की ओर आ रहा था। दोपहर के समय जब वह ईदगाह रोड के पास रुका, तभी वहां मौजूद तीन-चार अज्ञात आरोपियों ने उसकी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### गन्ना समिति द्वारा यूरिया खाद का वितरण शुरू

रुड़की (संवाददाता)। गन्ना विकास समिति में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद पहुंच गया है। समिति ने किसानों को खाद बांटनी शुरू कर दी है। इस समय किसान गन्ने की फसल की बुवाई में जुटे हैं। किसानों की ओर से इस समय बसंतकालीन करने की बुवाई का कार्य किया जा रहा है। लेकिन दो दिन पहले गन्ना समिति पर यूरिया खाद समाप्त हो गई थी। जिस पर गन्ना विकास समिति के विशेष सचिव सूरजभान सिंह ने इसके लिए विभाग को 10 हजार यूरिया बोरे के लिए डिमांड भेज दी थी।

### ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने वाली टीम का स्वागत

रुड़की (संवाददाता)। ईदगाह क्षेत्र में हत्या के मामले का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम का लोगों ने कोतवाली में स्वागत किया। लोगों ने कहा कि पुलिस ने बिना किसी सुराग के इस जटिल मामले को सुलझा लिया। इससे आम जनमानस में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य अपराध मुक्त समाज बनाना है। इस दौरान एसएसआई मनोज गैरोला, सद्दाम हुसैन, दीपक भारती, फिरोज कुरैशी, शमीम अहमद, राजबीर, समीर आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा निदेशक पर हमले के विरोध में काली पट्टी बांधकर जताया रोष

रुड़की(संवाददाता)। शिक्षा विभाग के निदेशक पर हमले के विरोध में सोमवार को एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन के आह्वान पर शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। बीईओ और एबीईओ कार्यालय, के समस्त मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। बीईओ अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में आयोजति कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने घटना की कड़ी निंदा की।

### मैथोडिस्ट गर्ल्स कॉलेज के एनएसएस शिविर में योग और कला का संगम

रुड़की (संवाददाता)। मैथोडिस्ट गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर में छात्राओं ने योग, स्वच्छता और सृजनात्मकता का संदेश दिया। दिन की शुरुआत योग सत्र से हुई, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कर स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन के महत्व को समझा। शिविर में योग सत्र के पश्चात छात्राओं ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। हाथों में झाड़ू थामे छात्राओं ने न केवल कूड़ा-करकट साफ किया, बल्कि स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

### सोमवार को भी धरने पर बैठे रहे लेखपाल ग्रामीण रहे परेशान

रुड़की (संवाददाता)। लेखपालों का धरना सोमवार को भी जारी रहा। उनका कहना था कि अधिवक्ताओं की ओर से लेखपाल के सरकारी कार्य में बाधा डालना और अभद्र व्यवहार करना गलत है। उनके कार्य बहिष्कार पर रहने की वजह से तहसील में आने वाले ग्रामीणों को परेशानी हुई। कुछ दिन पहले अधिवक्ता और लेखपाल के बीच आय प्रमाण पत्र बनाने को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने के बाद दोनों ओर से एक दूसरे ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था। उसी के विरोध में लेखपालों द्वारा सोमवार को भी तहसीलदार कार्यालय के बाहर धरना दिया गया। उनका कहना था कि अधिवक्ताओं द्वारा लेखपालों के कार्य में बाधा डाली गई है और उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया है।

# कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को लेकर मेलाधिकारी ने कुंभ नगरी के विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**- मेले को लेकर प्रस्तावित व्यवस्थाओं की मौके पर पड़ताल कर भीड़ एवं यातायात प्रबंधन के लिए समुचित प्रबंध करने के दिए निर्देश**

हरिद्वार(संवाददाता)। कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को व्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने सोमवार को कुंभ नगरी के विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले के दौरान देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मेलाधिकारी ने भीड़ प्रबंधन, पार्किंग एवं ट्रैफिक नियंत्रण से संबंधित प्रस्तावित योजनाओं की मौके पर समीक्षा करते हुए कहा कि कुंभ जैसे विराट आयोजन के लिए सुविचारित योजना, समन्वित कार्यप्रणाली तथा निरंतर निगरानी आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श कर व्यवस्थाओं की व्यवहारिकता, संभावित



चुनौतियों तथा उनके समाधान पर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान मेला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैरागी कैंप, दक्ष क्षेत्र, जगजीतपुर, गौरीशंकर क्षेत्र तथा नजीबाबाद मार्ग स्थित कुंभ नगरी के प्रवेश स्थल प्वाइंट 4.2 का भ्रमण किया गया। मेलाधिकारी ने इन क्षेत्रों में पार्किंग स्थलों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी सेक्टरों में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति की निरंतर व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में शौचालयों की स्थापना, नियमित साफ-सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। प्रत्येक सेक्टर में चिकित्सा सहायता केंद्र एवं आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। मेलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी चिन्हित अस्थायी पार्किंग स्थलों का समय से समतलीकरण कराया जाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा संपर्क मार्गों को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित किया जाए। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि सड़क मार्ग से आने वाले श्रद्धालु नगर के आंतरिक क्षेत्रों में प्रवेश किए बिना ही सुगमतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से निर्धारित स्नानघाटों तक पहुंच सकें। इसके लिए प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में निर्माणाधीन रिंग रोड तथा नजीबाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजना को ध्यान में रखते हुए पार्किंग एवं ट्रैफिक प्रबंधन की कार्ययोजना में आवश्यक संशोधन किये जाएं । इस दौरान एसपी (सिटी) अभय सिंह ने भीड़ प्रबंधन एवं यातायात नियंत्रण की प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी दी। उप मेलाधिकारी मनजीत सिंह ने संबंधित क्षेत्रों में की जाने वाली व्यवस्थाओं की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।

### मसूरी भिलाडू में स्टेडियम निर्माण को लेकर मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों संग बैठक की

देहरादून (संवाददाता)। प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में अपने विधानसभा क्षेत्र मसूरी स्थित भिलाडू में स्टेडियम के संबंध में खेल विभाग, वन विभाग एवं पेयजल निगम के अधि



कारियों के साथ बैठक की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मंत्री ने कहा कि मसूरी स्थित भिलाडू में स्थानीय जनता द्वारा लम्बी अवधि से स्टेडियम की मांग की जा रही है। स्टेडियम के लिए एक्टेंशन मार्ग हेतु चिहिन्त भूमि वन भूमि होने के करण वन विभाग द्वारा समय-समय पर आपत्ति लगाये जाने के कारण कार्यदायी संस्था पेयजल निगम को हस्तान्तरित नहीं हो पा रही है। जिसके कारण कार्यदायी संस्था पेयजल निगम स्टेडियम निर्माण का कार्य नहीं कर पा रहा है। मंत्री ने कहा कि बैठक में वन विभाग के अधिकारियों से भूमि हस्तान्तरण की कार्यवाही की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। भूमि हस्तान्तरण सम्बन्धी कार्यवाही नोडल अधिकारी स्तर तक पूर्ण हो गयी है तथा पत्रावली शासन स्तर पर भेजी जानी है। विश्वास है कि आगामी दो माह के भीतर भूमि हस्तान्तरण का कार्य पूर्ण हो जायेगा तथा बच्चों/खिलाड़ियो को स्थानीय स्तर पर स्टेडियम की सुविधा मिल सकेगी। बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मसूरी मीरा सकलानी, सचिव खेल आशीष चौहान, डीएफओ मसूरी वन प्रभाग अमित कंवर तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### त्रिवेणीघाट पर जमा मलबे से श्रद्धालु परेशान

ऋषिकेश(संवाददाता)। त्रिवेणीघाट पर बरसात के दौरान पहुंचा मलबा और रेत अभी तक नहीं हट सकी है। इससे श्रद्धालुओं को गंगा स्नान और पूजा-अर्चना में परेशानी हो रही है। दिन में तेज हवाओं के साथ यह रेत उड़ने से उनकी मुश्किलें और भी ज्यादा बढ़ी हुई हैं। मलबा हटाने की मांग करने के बावजूद न तो नगर निगम और न ही सिंचाई विभाग कार्रवाई को तैयार दिख रहा है। पिछले साल बरसात के दौरान गंगा में उफान के दौरान मलबा और रेत भी घाट तक पहुंच गई थी। यहां आरती स्थल पर तो रेत को हटा दिया गया है, लेकिन आसपास घाट पर पसरी रेत और मलबे को अभी तक नहीं हटाया जा सका है। पर्व-त्यौहारों पर दर्शन-पूजन, आचमन और स्नान को भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से यह मलबा परेशानी का सबब बन रहा है। श्रद्धालुओं को स्नान के लिए ठीक से घाट पर जगह भी नहीं मिल पाती है। खास है कि त्रिवेणीघाट पर गंगा की अस्थायी जलधारा को लाया गया है। नजदीक ही नावघाट से गंगा की मुख्य जलाधारा बहती है, जिसका प्रवाह अत्याधिक होने से श्रद्धालुओं को बहने का खतरा रहता है, जिसके चलते वह त्रिवेणीघाट पर भी स्नान को सुरक्षित समझते हैं।

# बेस अस्पताल : एक ही दिन में सात विशेषज्ञ चिकित्सक अवकाश पर

कोटद्वार(संवाददाता)। राजकीय बेस अस्पताल में चिकित्सकों के अवकाश पर होने से कई ओपीडी प्रभावित रहीं। कई मरीज लौट गए जबकि कई मरीजों को अन्य चिकित्सक से उपचार के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ी। रविवार को अस्पताल में ओपीडी बंद होने से सोमवार सुबह काफी संख्या में मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे थे। मरीज उस समय निराश हुए जब कई चिकित्सकों की ओपीडी उन्हें बंद मिलीं। चिकित्सक के आने पर ओपीडी खुलने की संभावना को देखते हुए कई मरीज इंतजार में खड़े रहे। जबकि कई बगैर उपचार के लौट गए। प्रतीक्षा में खड़े मरीजों को काफी देर परेशान होकर अन्य चिकित्सक से संपर्क कर प्राथमिक उपचार लेना पड़ा। सोमवार को सर्जन डॉ. सतीश कुमार के ऑपरेशन में होने और सर्जन डॉ. मयंक नौटियाल के अवकाश पर होने पर मरीजों को अस्पताल में कोई सर्जन नहीं मिला। फिजिशियन डॉ. जेसी ध्यानी एवं डॉ. दीपिका के अवकाश होने पर मरीजों को फिजिशियन भी नहीं मिले। बच्चों को लेकर अस्पताल आने वाले अभिभावकों को बाल रोग विशेष डॉ. हरेंद्र सिंह भी अवकाश पर मिले। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कुसुमा रावत की ओपीडी में काफी भीड़ रही। अस्थि विशेषज्ञ डॉ. वीसी काला के अवकाश पर होने पर डॉ. अभिषेक जैन की ओपीडी पर काफी दबाव रहा। डॉ. रीता रमोला एवं डॉ. मुकेश भी अवकाश पर रहने से ओपीडी बंद रही। एक ही दिन में सात चिकित्सकों के अवकाश पर रहने से चिकित्सीय सेवाएं प्रभावित रहीं और मरीज परेशान रहे।अब होली के बाद मिलेगी फिजिशियन डॉ. ध्यानी: बेस अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. जेसी ध्यानी दो मार्च तक सरकारी कार्य से बाहर जाने के कारण अस्पताल में उपलब्ध नहीं होंगे। वे अब होली के अवकाश के बाद ही मरीजों को उपलब्ध हो सकेंगे।

## डाक विभाग की खाली भूमि पर कब बनेंगे कर्मचारी आवास

कोटद्वार(संवाददाता)। रक्षा मंत्रालय की ओर से 75 वर्ष पूर्व कर्मचारियों के आवास निर्माण के लिए डाक विभाग को दी गई भूमि पर आज तक आवास नहीं बन सके हैं। अब रक्षा मंत्रालय की ओर से भूमि के अधिग्रहण की संभावना बढ़ती जा रही है। 75 वर्ष पूर्व रक्षा मंत्रालय ने मंत्रालय के अधीन वाली सर्वे नंबर 122/1 की 0.662 एकड़, सर्वे नंबर 123/1 की 0.595 एकड़, सर्वे नंबर 156/4 की 0.744 एकड़ भूमि पोस्ट एंड टेलीग्राफ विभाग को कार्यालय व कर्मचारियों के आवास निर्माण के लिए आवंटित की थी। वर्ष 2004 में दूरसंचार व डाक विभाग की व्यवस्थाएं अलग-अलग महकमों से संचालित होने लगी थी। भूमि पोस्ट एंड टेलीग्राफ नाम से रक्षा मंत्रालय के अभिलेखों में दर्ज है। कुल भूमि 60 नाली में से डाक विभाग के हिस्से 20 नाली आई है। डाक अधीक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि डाक विभाग की भूमि के दस्तावेजों को मंगवा रहे हैं। दस्तावेजों के लिए छावनी परिषद से भी संपर्क किया जाएगा। प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर अशोक कुमार का कहना है कि प्रधान डाकघर लैंसडौन में 19 लिपिकीय व 6 डाक रनर कार्यरत हैं। इनके लिए आवास नहीं हैं।डाक विभाग के अधीन अपनी 20 नाली भूमि है लेकिन इस भूमि का उपयोग नहीं किया जा सका है। कर्मचारियों के लिए आवास की कोई व्यवस्था नहीं होने से 15 कर्मचारी रोजाना कोटद्वार से लैंसडौन आवागमन कर रहे हैं। -महिपाल रावत, पूर्व सदस्य छावनी परिषद।

--कर्मचारियों के परिवार भी अन्यत्र रह रहे हैं। कर्मचारियों के परिवारों के बाहर रहने से इसका असर नगर की व्यापारिक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है। परिवारों के रहने से राजस्व का इजाफा होगा। -मोहम्मद शाहनवाज, नगर अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ लैंसडौन।

### वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

उत्तरकाशी(संवाददाता)। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने सोमवार को जिला मुख्यालय में जल जीवन मिशन के तहत वन भूमि हस्तांतरण से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने स्वीकृत पेयजल योजनाओं के लिए आवश्यक वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों वन भूमि हस्तांतरण के सभी लंबित प्रस्तावों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा, ताकि पेयजल योजनाओं का कार्य जल्द पूरा हो सके। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर वन भूमि हस्तांतरण से संबंधित औपचारिकताओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण के सभी मानकों का कड़ाई से पालन करें जिससे पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन में वन भूमि संबंधी बाधाएं दूर की जा सकें।

### गुलाबी कांठा बुग्याल में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब

उत्तरकाशी(संवाददाता)। गुलाबी कांठा बुग्याल इन दिनों सर्दियों की ताजा बर्फबारी के बाद पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक यहां बर्फबारी का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं। यह बुग्याल क्षेत्र पर्यटकों से गुलजार नजर आ रहा है। बड़कोट क्षेत्र की यमुनाघाटी में स्थित गुलाबी कांठा बुग्याल में एक से डेढ़ फीट तक बर्फ जमी है। हालांकि इस बार मौसम की बेरूखी के कारण क्षेत्र में ज्यादा बर्फबारी नहीं हुई। आमतौर पर इस बुग्याल क्षेत्र में सर्दियों में तीन से चार फीट तक बर्फ जमी रहती है। मौजूदा समय में यहां चारों ओर फैली बर्फ, देवदार और भोजपत्र के घने वृक्ष, शांत वातावरण और हिमालयी चोटियों के मनमोहक दृश्य पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। बड़ी संख्या में विभिन्न राज्यों से पर्यटक, ट्रेकर्स और प्रकृति प्रेमी यहां पहुंच रहे हैं। युवाओं के समूह ट्रेकिंग, स्नो वॉक, फोटोग्राफी और कैंपिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं।

## गंगोत्री हाईवे : नगुण पुल के पास डेंजर जोन का नहीं हुआ ट्रीटमेंट

उत्तरकाशी (संवाददाता)। चिन्यालीसौड़ में नगुण पुल के पास स्थित डेंजर जोन का ट्रीटमेंट अब तक नहीं होने से आगामी चारधाम यात्रा में यात्रियों की मुश्किलें बढ़ सकती है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम को जोड़ने वाले गंगोत्री हाईवे के शुरुआती हिस्से में मौजूद नगुण भूस्खलन जोन वर्षों से आम लोगों और तीर्थयात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। चारधाम यात्रा शुरू होने में लगभग डेढ़ माह का समय शेष है लेकिन नगुण क्षेत्र में स्थायी उपचार कार्य शुरू होता नहीं दिख रहा। पिछले वर्ष भी भूस्खलन के कारण सड़क बंद होने से यात्रियों को रात आसपास के होटलों और अपने वाहनों में गुजारनी पड़ी थी। कार्यदायी संस्था बीआरओ ने स्लाइड जोन के स्थायी समाधान के लिए डीपीआर तैयार कराने की प्रक्रिया शुरू की है। बीआरओ ने इसके लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को डीपीआर तैयार कर केंद्र सरकार को भेजने को कहा है। बीआरओ के कमांडर राजकिशोर के अनुसार, नगुण सहित अन्य स्लाइड जोन के उपचार के लिए डीपीआर स्वीकृत होने के बाद कार्य प्रारंभ किया जाएगा। फिलहाल सड़क पर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए हर समय मशीनें तैनात रखने की बात कही गई है। हालांकि, डीपीआर स्वीकृति और कार्य प्रारंभ होने में समय लग सकता है। ऐसे में इस यात्रा सीजन में यात्रियों को तत्काल राहत मिलने की उम्मीद कम दिख रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यात्रा शुरू होने से पहले अस्थायी ही सही लेकिन प्रभावी सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए ताकि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### हमलावरों पर कार्रवाई नहीं तो सड़कों पर उतरेंगे शिक्षक

कोटद्वार(संवाददाता)। विभिन्न शिक्षक संगठनों ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशक पर हमले की कड़ी निंदा करते हुए हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विकासखंड एकेश्वर के राजकीय शिक्षक संघ व प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी के आह्वान पर शिक्षक व कर्मचारियों ने एसडीएम चौबट्टाखाल को ज्ञापन सौंपा। राजकीय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गणेश पसबोला, संजीव थपलियाल, महेंद्र रौतेला, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के संरक्षक यतेंद्र मोहन धस्माना, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण नेगी, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुधीर रावत, संरक्षक रमेश भट्ट व हिम्मत सिंह राणा ने ज्ञापन सौंपा। वहीं राजकीय शिक्षक संघ के मंडल मंत्री मनमोहन चौहान व मंडल अध्यक्ष जयदीप रावत ने महानिदेशक को पत्र लिखकर जानलेवा हमले के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने पर शिक्षक समाज की ओर आंदोलनात्मक कदम उठाने की चेतावनी दी। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा व प्रांतीय महामंत्री डॉ. महावीर सिंह बिष्ट ने भी शीघ्र कार्रवाई की मांग की। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की राइंका कोटद्वार में हुई बैठक में अध्यक्ष मुकेश रावत ने दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर शिक्षकों के सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी। बैठक में परिषद के हर्ष मोहन नेगी, ज्योति प्रकाश मिश्रा, कैलाश थपलियाल, संजय नैथानी, सौरभ नेगी, भास्कर भारद्वाज, अजीम नकवी आदि मौजूद रहे।

## कोटद्वार में दर्दनाक हादसा.. ट्रक की चपेट में आने से आठ साल के मासूम की मौत

कोटद्वार(संवाददाता)। दुगड्डा स्थित पार्क के समीप हाईवे से गुजर रहे एक गैस सिलिंडर के ट्रक की चपेट में आने से आठ साल के मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना सोमवार देर शाम की है। कोतवाल प्रदीप नेगी ने बताया कि दुगड्डा निवासी रविकांत गिरि का पुत्र अभिनंदन (8) घर के पास के पार्क में खेलने के लिए गया हुआ था। घर लौटते वक्त वह हाईवे क्रॉस कर रहा था। इस दौरान कोटद्वार की ओर आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पास ही बैरियर पर मौजूद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल बच्चे को आकस्मिक सेवा वाहन 108 से बेस अस्पताल कोटद्वार भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। अभिनंदन अपने दादा-दादी के साथ दुगड्डा में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा-2 में अध्ययनरत था। अभिनंदन के पिता रविकांत गिरी यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत हैं। मूल रूप से बरेली निवासी मृतक के दादा मुन्ना गिरि राजकीय जूनियर हाईस्कूल बोरगांव में सहायक अध्यापक हैं। वे दुगड्डा में किराए के मकान में रहते हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## एडवेंचर फेस्टिवल के लिए पैराग्लाइडिंग के प्रतिभागियों ने किया अभ्यास

कोटद्वार(संवाददाता)। नयार घाटी में आगामी 26 मार्च से होने वाले तीन दिवसीय एडवेंचर फेस्टिवल में पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रविवार शाम से प्रतिभागियों का पहुंचना शुरू हो गया है। सिक्किम, हिमाचल, नैनीताल और टिहरी के 24 प्रतिभागियों ने सोमवार को अभ्यास किया। जिलाधिकारी गढ़वाल स्वाति एस भदौरिया के अनुसार, एडवेंचर फेस्टिवल में नेशनल पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 70 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे जिसमें सभी प्रतिभागी प्रतिदिन चार व तीन दिनों में कुल 12 उड़ानें भरेंगे। 12 राउंड बाद बुल आई पर सर्वाधिक एक्यूरेसी से उतरने वाले प्रथम तीन विजेताओं का फैसला किया जाएगा जिन्हें 75, 50 और 30 हजार रुपये की धनराशि और ट्रॉफी दी जाएगी। वहीं, पैराग्लाइडिंग में उत्तराखंड राइजिंग स्टार के विजेता को भी 25 हजार की धनराशि दी जाएगी। पैराग्लाइडिंग ओवरऑल टीम में प्रथम तीन स्थान की विजेता टीमों को 50, 30 और 20 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। माउंटेन बाइकिंग, क्याकिंग और एंग्लिंग के पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को 30, 20 और 15 हजार रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी।..

### हर्षिल घाटी में सेब के पेड़ों को क्षति पहुंचा रहे हैं लंगूर

उत्तरकाशी(संवाददाता)। हर्षिल घाटी में लंगूर सेब के पेड़ों को क्षतिग्रस्त कर काश्तकारों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बर्फबारी के बाद हर वर्ष लंगूर उनकी फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं लेकिन वन विभाग की ओर से इन्हें रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। लंगूर पेड़ों की टहनियों को नुकसान पहुचा रहे हैं। छोलमी निवासी मनोज नेगी ने बताया कि इस वर्ष की बर्फबारी के बाद एक बार फिर लंगूरों की दहशत से सेब बागवान परेशान हैं। लंगूर सेब के पेड़ों की छिलके उतारने के साथ ही टहनियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कई पेड़ों को पूरी तरह ही क्षतिग्रस्त कर दिया है। उन पर अब उत्पादन नहीं हो सकता। इससे काश्तकारों को सेब उत्पादन की चिंता सताने लगी है। उन्होंने कहा कि लंगूर हर वर्ष पेड़ों को क्षतिग्रस्त कर ग्रामीणों को नुकसान पहुचा रहे हैं।

# उत्तरी भारत के तर्कशीलों का सम्मेलन रामनगर में संपन्न हुआ

रामनगर (संवाददाता)। उत्तर भारत के तर्कशीलों व ज्ञान विज्ञान को लेकर समाज में जागरूकता का काम कर रहे संगठनों एवं लोगों का सम्मेलन 21 और 22 फरवरी को अग्रवाल सभा भवन रामनगर में संपन्न हुआ। सम्मेलन में शामिल सभी संगठनों एवं प्रतिनिधियों ने सांझा मंच की आग बढ़ाते हुए नेशनलिस्ट फेडरेशन आफ इंडिया नोर्थ जोन का गठन किया।सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए तहसील सोसाइटी पंजाब कार्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष जसवंत मोहाली ने कहा कि भारत का संविधान की धारा 51 ए एच के तहत सभी नागरिकों का दायित्व है कि वे समाज में वैज्ञानिक चिंतन और ज्ञानार्जन की भावना पैदा करें। इसके बावजूद भी समाज में अंधविश्वास और कूपमण्डूकता को बढ़ावा दिया जा रहा है और सरकारें भी अंधविश्वास और पाखंड को इसे बढ़ा रही हैं।साइंस फॉर सोसाइटी के संयोजक मदन सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक चेतना के लिए काम करने वाले सभी संगठनों और लोगों की सांझा गतिविधियों से समाज में तर्कशील आंदोलन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश और संविधान की बुनियाद धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर टिकी हुई है।




हम उम्मीद करते हैं कि नेशनलिस्ट फेडरेशन आफ इंडिया इन संविधानिक मूल्यों को स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगा।22 फरवरी की शाम को विज्ञान और अंधविश्वास को लेकर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंजाब से आए रामकुमार ने हवा से सोने की चौन पैदा करने, त्रिशूल को जीभ से आर पार कर लोगों को अचंभित कर दिया। उन्होंने ढोंग पाखंड करने वालों को ललकारते हुए कहा कि जेब में रखे नोट का नंबर बताने, हवा से कोई वस्तु पैदा करना, बिना जले आग पर चलना व पानी पर चलना जैसी हमारी 23 शर्तें हैं उनमें से कोई भी एक पूरी करने पर व्यक्ति 5 लाख रुपए का ईनाम जीत सकता है।महिला तर्कशील हरेंद्र कौर ने विज्ञान पर आधारित कार्यक्रम के प्रदर्शन करते हुए कहा कि कहा कि दुनिया में चमत्कार जैसी कोई चीज नहीं होती। ढोंगी बाबा विज्ञान का इस्तेमाल कर देश की भोली भाली जनता को मूर्ख बनाते हैं और लोगों से पैसा ऐंठकर उन्होंने करोड़ो की धन दौलत एकत्र कर ली है।उन्होंने कहा कि हमें सवाल पूछने और हर वस्तु के बारे में जानने का प्रयास करना चाहिए।

# एसडीएम और नगर पालिका ईओ रामनगर को ज्ञापन सौंपा

रामनगर (संवाददाता)।रामनगर के ग्राम पुछड़ी क्षेत्र में स्थित डम्पिंग जोन में नगर पालिका परिषद रामनगर द्वारा ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी के आस-पास के 07-08 ग्रामों का कूड़ा डलवाना बन्द करने के कारण उक्त ग्रामों का कूड़ा सड़को पर इधर-उधर पड़ा रहने से चारों तरफ गंदगी हो रही है।इसी मामले को लेकर रामनगर ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम और नगर पालिका ईओ रामनगर को ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि पिछले लंबे समय से पुछड़ी में स्थित डम्पिंग जोन में कूड़ा वाहनों के द्वारा कूड़ा डाला जा रहा था।लेकिन कुछ दिनों से



नगर पालिका प्रशासन ने कूड़ा वाहनों को कूड़ा डालने से मना कर दिया है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में चारों ओर कूड़ा हो रहा है।कूड़े से चारों ओर बदबू आ रही है।यह समस्या दिन प्रतिदिन विकराल रूप ले रही है, जिससे क्षेत्र में कई प्रकार की बीमारियों फैलने की आशका है। जिस कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। जनहित में इस समस्या का समाधान होना बहुत जरूरी है।उन्होंने कहा कि पूर्व की भाँति ग्राम पुछड़ी में स्थित डम्पिंग जोन में आस- पास के ग्रामों का कूड़ा डलवाये जाने की अपील की गई है। वहीं एसडीएम ने नगर पालिका के अधिकारियों को फोन कर जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने को कहा है। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल ने बताया कि यह जमीन वन विभाग से नगर पालिका ने लीज पर ली है।इस जमीन पर कूड़े डालने का अधिकार किसी और को नहीं है लेकिन फिर भी ग्राम पूछड़ी क्षेत्र के कूड़े का समाधान जल्द किया जाएगा।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी,ग्राम प्रधान संगठन रामनगर अध्यक्ष नवीन सती,ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र की प्रधान हज्जन नरगिस, प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी,प्रधान सोनिया,प्रधान रचना रावत,प्रधान प्रकाश चंद्र मठपाल आदि मौजूद रहें।

# गांजे सहित युवक गिरफ्तार

रामनगर (संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गांजे सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रविवार की रात्रि में पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान विशाल सिंह पुत्र कुलवीर सिंह निवासी-ग्राम थारी रामनगर नैनी0 को बिना नम्बर की बाइक मे कुल 9.846 किग्रा0 गांजा परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया । जिस आधार पर थाना धारा



8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया । अभियुक्त द्वारा अवैध गांजा अशोक त्यागी निवासी गुलरघटटी से लेकर आना बताया, अशोक त्यागी को इस मुकदमे में वांछित किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय में पेश करके कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया। सफलता हासिल करने वाली टीम में एसएसआई दीपक बिष्ट, एसआई सोमेन्द्र सिंह, एएसआई तालिब हुसैन, कांस्टेबल महबूब आलम आदि मौजूद रहे।

## गश्त के दौरान एक मगरमच्छ मृत अवस्था में देखा गया

रामनगर (संवाददाता)। कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज के अन्तर्गत बिजरानी पश्चिमी बीट, मलानी ब्लॉक क०सं० 09 में अवस्थित नाकाताल वन क्षेत्र में बिजरानी रेंज की टीम द्वारा गश्त के दौरान एक मगरमच्छ मृत अवस्था में देखा गया। मृत मगरमच्छ के सभी अंग मौके पर सुरक्षित पाये गये। जिसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी गई।कार्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला द्वारा घटना स्थल का मौका मुआयना किया गया और उनके



निर्देशानुसार मृत मगरमच्छ के शव को पोस्टमार्टम के लिए ढेला रेस्क्यू सेन्टर लाया गया।पशु चिकित्सा अधिकारियों के पैनल द्वारा उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में निर्धारित मानकों के अनुसार शव का पोस्टमार्टम किया गया। घटना स्थल के आस-पास सघन गश्त की जा रही है। मृत मगरमच्छ के विसरा परीक्षण के लिए सैम्पल लेकर उन्हें आईवीआरआई बरेली भेजा गया है।मृत मगरमच्छ की मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद चलेगा। इस दौरान कॉर्बेट के डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा, कॉर्बेट के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ.दुष्यंत शर्मा, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर राहुल सती, पार्क वार्डन बिन्दर पाल,बिजरानी रेंज के रेंजर नवीन चन्द्र पाण्डे, डब्लू डब्ल्यू एफ प्रतिनिधि आर्यन,गौरी राम, सिद्धार्थ रावत,प्रमोद कुमार सत्यवली,संजय कुमार आदि शामिल रहें।

# स्व. मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की पुण्य तिथि को सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया

काशीपुर (संवाददाता) महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका पाल के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रसिद्ध विचारक , समाज सुधारक एवं पर्वतीय अम्बेडकर के नाम से पहचाने जाने वाले स्व. मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की पुण्य तिथि को सामाजिक न्याय दिवसके रूप में मनाया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर मोहल्ला काजीबाग दलित बस्ती स्थित जाटव धर्मशाला में मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में महानगर अध्यक्ष अलका पाल ने बताया कि शिल्पकारों के लिए मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा एवं सामाजिक न्याय जैसे कार्यों में पहाड़ के अम्बेडकर मुंशी हरिप्रसाद टम्टा ने जीवन भर समाज के कमजोर दलित और पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया। उन्होंने शोषित ओर



दलित समाज को शिल्पकार नाम से परिचय कराने में अपनी सशक्त भूमिका निभाई । उनके प्रयासों से ब्रिटिश काल में दलित समाज को सेना में प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ। पूर्व महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने कहा कि दलितो और शोषितो के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के लिए उनको पर्वतीय अंबेडकर की उपाधि प्राप्त हुई। गोष्ठी का संचालन दलित नेता सुरेंद्र सागर ने किया। गोष्ठी में सर्वश्री महानगर अध्यक्ष अलका पाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, पार्षद शाह आलम, पार्षद हनीफ गुड्डू, सुरेंद्र सागर, साबिर हुसैन, पीसीसी सचिव जितेंद्र सरस्वती,एड. नौशाद उस्मानी, ओम प्रकाश सागर, राम सिंह यादव, रवि सागर, गजेंद्र प्रकाश, विष्णु सागर, परम सिद्धू, मीना आर्य, राजेंद्र सागर, नागेश कुमार, राकेश भगत, मोहम्मद सदीक, हरिओम सागर, मोहित सागर, धीरज सागर, दीपक सागर, उदित सागर, मोहम्मद शाहिद आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

रामनगर (संवाददाता)। आयुक्त खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन उत्तराखंड एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर रामनगर के मोहल्ला खताड़ी में एक दर्जन से अधिक फुटकर और डिस्ट्रीब्यूटर के फल मिठाई ,खजला,सेवई, खजूर के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान स्वामियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री को विक्रय करने,बिना बिल के खरीद न करने और स्टॉक का विवरण रखने, खाद्य सामग्री का विक्रय एवं भंडारण न करने ,अपने स्टोर का नियमित रूप से साफ सफाई और दवाओं का छिड़काव करने के विशेष निर्देश दिए।इसके साथ ही एक थोक विक्रेता से गुणवत्ता जांच के लिए, संदेह के आधार पर खजूर का एक सैम्पल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया आगामी त्योहारों होली एवं रमजान को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।जिससे किसी भी सूरत में मिलावटी खाद्य सामग्री का विक्रय नहीं होने दिया जाएगा और ऐसा करने वालों के खिलाफ विभाग सख्त से सख्त कार्यवाही करेगा।



### सल्ट में बहुउद्देशीय शिविर में 555 लाभार्थियों ने लिया योजनाओं का लाभ

अल्मोड़ा (संवाददाता)। श्जन जन की सरकार, जन जन के द्वारश् कार्यक्रम के तहत सोमवार को विकासखंड सल्ट की न्याय पंचायत भौनखाल में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया, साथ ही लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ भी प्रदान किया गया। खंड विकास अधिकारी सल्ट ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 555 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

# सामाजिक न्याय के संकल्प के साथ कांग्रेस ने मनाई स्व. मुंशी हरिप्रसाद टम्टा जी की पुण्यतिथि

हल्द्वानी,(संवाददाता)। प्रख्यात विचारक, समाज सुधारक एवं पर्वतीय अंबेडकर के रूप में विख्यात स्वर्गीय मुंशी हरिप्रसाद टम्टा जी की पुण्यतिथि को कांग्रेस द्वारा "सामाजिक न्याय दिवस" के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वराज आश्रम, हल्द्वानी में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय टम्टा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि स्वर्गीय मुंशी हरिप्रसाद टम्टा जी ने पहाड़ में सामाजिक चेतना जगाने का जो कार्य किया, वह आज भी मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय केवल एक नारा नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा है, और इसे धरातल पर उतारना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव कमजोर, वंचित और शोषित वर्गों की आवाज उठाती रही है और आगे भी उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि टम्टा जी ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम माना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी उनके



आदर्शों को आत्मसात कर सामाजिक समरसता एवं समान अवसर की दिशा में कार्य करे।जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि "सामाजिक न्याय दिवस" मनाने का उद्देश्य केवल श्रद्धांजलि अर्पित करना नहीं, बल्कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन प्रदेशभर में इस दिवस को व्यापक रूप से मना रहा है ताकि समाज में समानता, शिक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़े।विचार गोष्ठी में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय मुंशी हरिप्रसाद टम्टा ी के सामाजिक न्याय, शिक्षा के प्रसार, समानता एवं वंचित वर्गों के उत्थान हेतु किए गए ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताया तथा सामाजिक न्याय, शिक्षा में समान अवसर एवं वंचित वर्गों के सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी के अंत में सभी कांग्रेसजनों ने सामाजिक न्यायवं समानता के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया।कार्यक्रम में पंडित हरिप्रसाद, सतीश नैनवाल, ललित जोशी, राजेन्द्र सिंह बिष्ट रज्जी, नरेश अग्रवाल, महेशानंद, यशपाल आर्य, इन्दर पाल आर्य, जगदीश आर्य, एक्स कैप्टन हरीश चंद्रा, गोविन्द बगड़वाल, प्रदीप नेगी, सूरज प्रकाश, गोविंद सिंह बिष्ट, विराज आर्य, प्रकाश चन्द्र आर्य, बॉबी आर्य, अभिनय कुमार आर्य, कौशलेंद्र भट्ट, मनोज शर्मा, दया कृष्ण बेलवाल, जगदीश भारती, शंकर कमांडो, प्रकाश पाठक, पंकज आर्य, लाल सिंह पवार, ऋतिक आर्य, रोहित पांडे, मयंक गोस्वामी, मनोज टम्टा, राजेन्द्र बिष्ट, गजेंद्र सिंह सम्मल, शाद अली, मोहम्मद नबी, उदित करायत, रेनू तोमर, मंजू पांडे, सुनीता टम्टा, मीनाक्षी नयाल, पुष्पा मेहता, मीना देवी, ममता देवी, पुष्पा नेगी, पुष्पा देवी, हेमा देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 25 फरवरी को गांधी पार्क देहरादून में धरना देने जाने का फैसला

**' 25 फरवरी को वन भूमि वासियों के संयुक्त धरने में गांधी पार्क देहरादून जायेंगे बागजाला वासी**

**' अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला की बैठक**

हल्द्वानी (संवाददाता)। अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला की बैठक धरना स्थल बागजाला के सम्मुख हुई जिसमें 25 फरवरी को गांधी पार्क देहरादून में धरना देने जाने का फैसला लिया गया. गौरतलब है कि राज्य मंत्रिमण्डल की 25 फरवरी की मीटिंग में वन भूमि पर बसी हुई आबादी के लिए राजस्व गांव की प्रक्रिया शुरू करने का प्रस्ताव लाने की बात की जा रही है. इस प्रस्ताव में वन भूमि पर बसी संपूर्ण आबादी के लिए राजस्व गांव का विधिसम्मत प्रस्ताव पारित करने पर जोर देने के लिए गांधी पार्क देहरादून में विपक्ष के इंडिया गठबंधन की ओर से वन भूमि पर बसी हुई आबादी द्वारा संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन का आह्वान किया गया है. वन भूमि पर बसी



हुई पूरे राज्य की आबादी के साथ ही बागजाला गांव को भी प्रस्ताव में शामिल कराने के लिए इस धरने में अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में बागजाला वासियों द्वारा भी भागीदारी की जायेगी. भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डॉ कैलाश पाण्डेय ने कहा कि, बागजाला में लोग जमीन के मालिकाना अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उनको 25 फरवरी की राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में लाए जा रहे प्रस्ताव में शामिल किया जाए अन्यथा आंदोलन के अतिरिक्त कोई चारा नहीं रहेगा. भाजपा की धामी सरकार और लालकुआं विधायक लोगों को बहुत झुनझुने थमा चुके, अब यह नहीं चलने वाला है. बागजाला, बिंदुखत्ता, पुछड़ी समेत राज्य में वन भूमि नजूल भूमि पर बसे हुए सभी लोगों को भूमि का मालिकाना अधिकार दिया जाना चाहिए.अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला अध्यक्ष डॉ उर्मिला रैस्वाल ने कहा कि, समय आ गया है कि वन भूमि पर बसे सभी लोगों को मिलकर संघर्ष करना होगा तभी मालिकाना हक हासिल किया जा सकता है.

## वनभूलपुरा क्षेत्र रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण मामले की सुनवाई को देखते हुए पुलिस-प्रशासन सतर्क

हल्द्वानी (संवाददाता)। उत्तराखंड हाई कोर्ट में वनभूलपुरा क्षेत्र रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण मामले की सुनवाई को देखते हुए पुलिस-प्रशासन सतर्क हो गया है। माना जा रहा है कि हाईकोर्ट उपरोक्त अतिक्रमण के मामले में कल अपना निर्णय दे सकता है।इसी क्रम में सोमवार को एसपी सिटी मनोज कत्याल ने वनभूलपुरा क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा



लिया और एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। एसपी सिटी ने बताया कि अतिक्रमण मामले में मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई निधरित है। इसे देखते हुए पूरे क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीएसी फोर्स तैनात कर दी गई हैं। पूरे इलाके की निगरानी ड्रोन कैमरों के माध्यम से की जाएगी तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इससे पूर्व जिलाधिकारी के निर्देश पर वनभूलपुरा क्षेत्र में लाइसेंसी शस्त्र भी अस्थायी रूप से जमा करवाए जा चुके हैं, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं, रेलवे क्षेत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे पुलिस अधीक्षक अरुण भारती भी रेलवे पुलिस बल के साथ मौके पर तैनाती सुनिश्चित कर रहे हैं।

# विधायक कैड़ा ने लगाया खनश्यू मै स्वास्थ्य कैम्प दिव्यांग व्यक्तियो के बनाये दिव्यांग प्रमाण पत्र

भीमताल (संवाददाता)। विधायक राम सिंह कैड़ा ने भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खनश्यू मैं स्वास्थ शिविर व समाज कल्याण के कैम्प का आयोजन किया गया! स्वास्थ्य शिविर मै फिजिसियन,



, दंतरोग, नेत्र रोग, अस्तिररोग, आदि अलग अलग विभाग के डाक्टरो की टीम मौजूद रही! ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य समन्धित जांच कराई गई! स्वास्थ्य शिविर मै दिव्यांग जनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये गये! अन्य बीमारी संबंधित बीमार लोगो को दवाइयो का वितरण किया गया! दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर प्रदान की गई !विधायक कैड़ा ने कहा भीमताल भीमताल विधानसभा क्षेत्र के दुरस्त क्षेत्र से दिव्यांगजन हल्द्वानी नहीं आ पाते हैं ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य शिवरो का आयोजन किया गया है विधायक कैड़ा ने कहा हमारा प्रयास है गांव के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है इस दौरान जिला पंचायत सदस्य डिकर सिंह मेवाड़ी,भाजपा मंडल महामंत्री दीपक बर्गली, प्रधान विमला देवी,रवि गोस्वामी, प्रधान मदन परगाई, भुवन भट्ट, ललित भट्ट, संदीप कुमार, खड़क सिंह बिष्ट, भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता व क्षेत्रीय जनता स्वास्थ्य विभाग समझाकल्याण के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे!

## सभी पदाधिकारी शिक्षा बोर्ड कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए


रामनगर (संवाददाता)। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद में कार्यरत उत्तराखंड एजुकेशनल अधिकारी प्रशासनिक संवर्ग एसोसिएशन, मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स श्रेणी कर्मचारी संघ के सभी पदाधि में एकत्रित हुए। कहा कि 21 कारू व उनके साथ आए बड़े निदेशालय में पर्यादाओं का घोर कि समूह में हिस्ट्रीशीटर तक का



राजकीय शिक्षक संघ, एजूकेशनल एसोसिएशन,लेखा संवर्ग व चतुर्थ कारी शिक्षा बोर्ड कार्यालय परिसर फरवरी को विधायक उमेश शर्मा समूह ने ने प्रारंभिक शिक्षा उल्लघंन किया। आरोप लगाया गया बुलाया गया। वहां के कर्मचारियों के साथ अभद्रता के साथ ही गाली गलौच कर आरोपियों ने निदेशक के साथ मारपीट की। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि घटना बेहद ही गंभीर है। निदेशक को उनके दफ्तर में घुस कर पीटा गया।

## रामनगर के अमन सैफी ने दिल्ली फैशन रनवे वीक में जीता "बेस्ट वॉक अवार्ड"

रामनगर (संवाददाता)। युवा मॉडल अमन सैफी ने दिल्ली में आयोजित देहली सिक्स फैशन रुनबे वीक-सीजन 4 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट वॉक अवार्ड अपने नाम किया। यह फैशन शो 16ख17 फरवरी 2026 को नई दिल्ली स्थित द तिवोली रिजॉर्ट में आयोजित किया गया। अमन सैफी ने प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर राहिल रजा के लिए रैंप वॉक किया। उनकी बेहतरीन स्टेज प्रेजेंस, आत्मविश्वास और प्रोफेशनल वॉक ने जजों और दर्शकों का दिल जीत लिया, जिसके लिए उन्हें बेस्ट वॉक अवार्ड से सम्मानित किया गया। अमन सैफी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, गुरुजनों और सपोर्टर्स को दिया।



# वन पीस में दिशा पाटनी ने दिए लाजवाब पोज



बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें दिशा पाटनी का नाम जरूर शामिल होगा। दिशा पाटनी वो बी टाउन एक्ट्रेस हैं, जो आए दिन अपनी शानदार तस्वीरों के जरिए महफिल लूटती हुई नजर आती हैं। अभिनेत्री दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता हैं कि उन्होंने वन पीस में कई पोज दिए हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है मेरी सबसे प्यारी तस्वीर। दिशा की तस्वीरों को फैंस पसंद कर रहे हैं और उस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा आप हमेशा से खूबसूरत हैं। एक दूसरे यूजर ने उन्हें एशिया क्वीन बताया हैं। हाल ही में दिशा तमिल फिल्म कंगुवा में नजर आई थी। अगली बार वह फिल्म आवारपन 2 और वेलकम टू द जंगल में आने वाली हैं। वह तमिल-अंग्रेजी फिल्म हिलेरियस गाइर्स सांगा का भी हिस्सा होंगी। अक्सर देखा गया है कि दिशा पाटनी जब भी सोशल मीडिया पर कोई तस्वीर शेयर करती हैं, वो चंद मिनटों में फैंस के बीच चर्चा का विषय बन जाती है। आलम ये है कि हमेशा की तरह इस बार भी दिशा की ये लेटेस्ट तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म एमएस ध ोनी-द अनटोल्ड स्टोरी से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने वालीं दिशा पाटनी ने अब तक अपनी कमाल की अदाकारी से हर किसी को प्रभावित किया है।

# अनिल कपूर की एक्शन ड्रामा फिल्म सूबेदार का धमाकेदार टीजर रिलीज, 5 मार्च को प्राइम वीडियो पर होगा प्रीमियर

प्राइम वीडियो ने अपनी आने वाली प्राइम ऑरिजिनल एक्शन-ड्रामा मूवी सूबेदार के वर्ल्डवाइड प्रीमियर की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 5 मार्च को प्रीमियर के लिए तैयार है। सुरेश त्रिवेणी ने फिल्म सूबेदार का निर्देशन किया हैं और इसे विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर, और सुरेश त्रिवेणी ने साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। ओपनिंग इमेज फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क के साथ मिलकर तैयार की गई ये फिल्म बेहद दमदार और जज्बातों से भरी एक्शन-ड्रामा है। सूबेदार की कहानी सुरेश त्रिवेणी और प्रज्वल चंद्रशेखर ने लिखी है जिसमें अनिल कपूर और राधिका मदान मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं, साथ ही सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, फैजल मलिक और मोना सिंह ने भी अहम किरदार निभाए हैं। सूबेदार फिल्म में एक रिटायर्ड फौजी, सूबेदार अर्जुन मौर्या की जिंदगी के उतार-चढ़ाव भरे सफर को दिखाया गया है, जो आज की बदलती दुनिया में सुकून पाने की तलाश में है, जहाँ उसके उन उसूलों पर सवाल उठाए जा रहे हैं जिसके सहारे उसने जिंदगी बिताई है। फिल्म में अनिल कपूर ने जबरदस्त अभिनय किया है, जो अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते हैं, साथ ही अपने बिखरे हुए परिवार को जोड़ने की कोशिश करते हुए हमेशा सही का साथ देते हैं। भारत का हृदयस्थल में बसी, इस फिल्म में समाज के गिरते स्तर के बीच सम्मान तलाशने की दमदार कहानी को बड़ी संजीदगी से पर्दे पर दिखाया गया है। प्राइम वीडियो इंडिया के डायरेक्टर और ऑरिजिनल्स के हेड, निखिल मधोक ने कहा, सूबेदार एक जबरदस्त एक्शन फिल्म होने के साथ-साथ बाप-बेटी की दिल को छू लेने वाली कहानी भी है। इस फिल्म में अनिल कपूर का अभिनय शानदार है, जो एक एक्शन हीरो के तौर पर शुरू से ही दर्शकों का दिल जीत लेंगे। सुरेश त्रिवेणी, अनिल कपूर, विक्रम मल्होत्रा और सूबेदार की पूरी टीम के साथ मिलकर काम करना हमारे लिए गौरव की बात है। प्रोड्यूसर विक्रम मल्होत्रा ने बताया, सूबेदार सही मायने में जबरदस्त फिल्म है, और इस तरह के मुख्य किरदार को शायद दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा, जो देश सेवा, अनुशासन और बलिदान की मूरत है। शुरुआत से ही, मुझे यह कहानी पसंद आई, जो धमाकेदार होने के साथ-साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली है। रिश्तों को करीब से दिखाने वाली इस फिल्म का सिनेमाई स्तर भी अव्वल दर्जे का है।

# शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो ने 50 करोड़ क्लब में ली एंट्री

**शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म ओ रोमियो को लेकर खबरों में हैं. इस एक्शन ड्रामा में शाहिद कपूर के अपोजिट तृप्ति डिमरी हैं. फिल्म थिएटर में लगी है और 52 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है. आइए जानते हैं फिल्म के 9 दिनों के कलेक्शन के बारे में. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 9वें दिन यानी दूसरे शनिवार को 3.99 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं 3.35 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म के टोटल शोज 2689 थे. फिल्म को 15.9 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. इसी के साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 52.60 करोड़ हो गया है. दो दीवाने शहर में ने दूसरे दिन 1.92 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन और 1.60 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म को 1649 शो मिले हैं. इसी के साथ फिल्म को 13.4 करोड़ की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने पहले दिन1.50 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया था. वहीं 1.25 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म ने टोटल 3.43 करोड़ का ग्रॉस और 2.85 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया. इस फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में हैं. अस्सी की बात करें तो फिल्म ने टोटल 3.12 करोड़ का ग्रॉस और 2.60 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया है. फिल्म ने शनिवार को 1.92 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं 1.60 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. इस फिल्म के शनिवार को 1719 शोज थे. फिल्म में तापसी पन्नू लीड रोल निभा रही हैं. बॉर्डर 2 ने शनिवार को 65 लाख का ग्रॉस और 55 लाख का नेट कलेक्शन किया. फिल्म को 520 शोज मिले थे. फिल्म का टोटल कलेक्शन ग्रॉस 388.53 करोड़ और नेट 325.25 करोड़ हो गया है. बॉर्डर 2 को अनुराग सिंह ने बनाया. फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी जैसे स्टार्स थे. चौथे शनिवार को फिल्म ने 60 लाख का ग्रॉस कलेक्शन और 50 लाख का नेट कलेक्शन किया. फिल्म को 560 शोज मिले. फिल्म को 20.7 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने टोटल 55.88 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं 47.05 करोड़ का नेट कलकेक्शन किया. मर्दानी 3 में रानी मुखर्जी लीड रोल में हैं.**

# भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी मिथिला पालकर, बहन के किरदार में आएंगी नजर



भूत बंगला 2026 की उन फिल्मों में से है जिसका दर्शकों को सबसे ज्यादा इंतजार है. इसकी सबसे बड़ी वजह है बॉलीवुड की ओजी जोड़ी अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की 16 साल बाद हो रही धमाकेदार वापसी. बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म ने उन फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, जो इस जोड़ी की आइकॉनिक कॉमेडी फिल्में देख-देखकर बड़े हुए हैं. हर कोई उस सिग्नेचर ह्यूमर और हंसी के जादू को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब है जिसने पिछली कई फिल्मों को यादगार बनाया था. इस इंतजार को और बढ़ाते हुए अक्षय कुमार ने हाल ही में फिल्म की कास्ट में एक नया नाम जोड़ा है, मिथिला पालकर. अक्षय ने बताया कि मिथिला फिल्म में उनकी बहन का किरदार निभाती नजर आएंगी. इस फ्रेश कास्टिंग ने कहानी में एक नया एंगल जोड़ दिया है, और अब फैंस बस इस जोड़ी के ऑन-स्क्रीन मैजिक का इंतजार कर रहे हैं. अक्षय कुमार ने खुद इस बारे में बताते हुए कहा, मिथिला ने अपना सफर इंटरनेट से शुरू किया था और आज वह कई फिल्मों में काम कर रही हैं. और जल्द ही, वह एक ऐसे एक्टर के साथ नजर आएंगी जिसे मैं बहुत अच्छी तरह जानता हूं, गेस कीजिए कौन? मैं खुद! भूत बंगला में मिथिला भूत का नहीं, बल्कि मेरी बहन का किरदार निभाती दिखेंगी. फैंस भूत बंगला के लिए बेहद एक्साइटेड हैं. यह फिल्म न केवल अक्षय और प्रियदर्शन की ओजी जोड़ी को 16 साल बाद वापस ला रही है, बल्कि यह एक कम्पलीट फैमिली एंटरटेनर होने वाली है.

हिन्दी दैनिक जोखिम

# आईआईटी रुड़की में चौथा रुड़की वाटर कॉन्क्लेव 2026 का उद्घाटन हुआ

रुड़की(संवाददाता)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) ने राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान (एनआईएच) रुड़की के सहयोग से 23 से 25 फरवरी 2026 तक "नेक्सस दृष्टिकोण के माध्यम से सीमापार जल सहयोग" विषय पर 4वें रुड़की वाटर कॉन्क्लेव (आरडब्ल्यूसी 2026) का उद्घाटन किया। यह द्विवार्षिक कॉन्क्लेव विश्वभर के प्रमुख नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं, उद्योग जगत के नेताओं और जल विशेषज्ञों को उभरती जल चुनौतियों के एकीकृत एवं सतत समाधान पर विचार-विमर्श हेतु एक मंच प्रदान करता है। प्रमुख विषयगत क्षेत्रों में सीमापार नदी बेसिन प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन एवं सहनशीलता, हाइड्रो-मौसमीय चरम घटनाएँ, भूजल स्थिरता, जल गुणवत्ता, तथा जलखऊर्जाखखाद्य नेक्सस शामिल हैं। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो. कमल किशोर पंत, निदेशक, आईआईटी रुड़की ने की। डॉ. वाई.आर.एस. राव, निदेशक, एनआईएच रुड़की, कॉन्क्लेव के सह-अध्यक्ष हैं, जबकि प्रो. आशीष पांडे, आईआईटी रुड़की, संयोजक के रूप में कार्य कर रहे हैं। सत्र का प्रारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और कुलगीत की प्रस्तुति से हुआ, जिसके पश्चात प्रो. आशीष पांडे द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। प्रो. कमल किशोर पंत; डॉ. वाई.आर.एस. राव; तथा डॉ. मार्क स्मिथ, महानिदेशक, अंतरराष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान (आईडब्ल्यूएमआई) ने संबोधन दिए। कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मानित उमाशंकर पांडे, सवजीभाई धोलकिया और पोपटराव पवार के विशेष उद्बोधन, कॉन्क्लेव कार्यवाही का विमोचन, तथा डॉ. विनोद के. पॉल, सदस्य, नीति आयोग, भारत सरकार का मुख्य व्याख्यान शामिल था। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। सभा को संबोधित करते हुए प्रो. कमल किशोर पंत ने कहा, "जल सुरक्षा का सीधा संबंध जलवायु सहनशीलता, खाद्य प्रणालियों और ऊर्जा स्थिरता से है, क्योंकि एआई डेटा सेंटरों के बढ़ते उपयोग



के कारण जल की मांग में वृद्धि हो रही है। रुड़की वाटर कॉन्क्लेव जैसे मंच साक्ष्य-आधारित संवाद को सक्षम बनाते हैं और सहयोगात्मक तथा विज्ञान-आधारित जल शासन के लिए वैश्विक साझेदारियों को प्रोत्साहित करते हैं" प्रो. आशीष पांडे, संयोजक, आरडब्ल्यूसी 2026 ने कहा, "जटिल सीमापार जल चुनौतियों के समाधान के लिए नेक्सस दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है। आरडब्ल्यूसी 2026 को वैज्ञानिक अनुसंधान, नीति ढाँचे और सामुदायिक सहभागिता को एकीकृत कर सतत जल प्रबंधन हेतु क्रियाशील मार्ग विकसित करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।" विभिन्न देशों से कुल 42 मुख्य वक्ता अपने मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे और तकनीकी सत्रों में भाग लेंगे। ये वक्ता संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, इज़राइल, नीदरलैंड, कनाडा, जापान, नॉर्वे, श्रीलंका, थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ताइवान और नेपाल सहित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के विशेषज्ञों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन विशिष्ट वक्ताओं की उपस्थिति वैश्विक दृष्टिकोण और वर्तमान जल प्रबंधन चुनौतियों तथा नवाचारी समाधानों पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करेगी। आरडब्ल्यूसी 2026 की एक प्रमुख विशेषता 'जल सहयोग में सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक-आर्थिक पहलू' विषय पर आयोजित विशिष्ट पैनल है, जिसमें पद्मश्री सम्मानित सवजीभाई धोलकिया, पोपटराव पवार, भरत भूषण त्यागी और उमाशंकर पांडे सहित वरिष्ठ नीति-निर्माता जैसे राजीव रंजन मिश्रा अतुल जैन (उपाध्यक्ष, दीन दयाल शोध संस्थान), तथा प्रो. अनिल के. मिश्रा (तकनीकी विशेषज्ञ, एनआरएए, भारत सरकार) शामिल हैं।

### नौटियाल क्रिकेट एकेडमी और समर्थ क्रिकेट एकेडमी ने जीते मुकाबले

देहरादून(संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से दून में चल रही देहरादून अंडर-19 डिस्ट्रिक्ट लीग में अयान अली की घातक गेंदबाजी (6 विकेट) की बदौलत नौटियाल क्रिकेट एकेडमी ने श्री स्टंप्स क्रिकेट एकेडमी को 32 रनों से हराया। दूसरे मैच में समर्थ क्रिकेट एकेडमी ने गलैंट क्रिकेट क्लब को 76 रनों से पराजित किया। सोमवार को अंडर-19 डिस्ट्रिक्ट लीग में दो मैच खेले गए। जीडी गोयंका क्रिकेट ग्राउंड में नौटियाल क्रिकेट एकेडमी और श्री स्टंप्स क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी कर नौटियाल क्रिकेट एकेडमी ने 40 ओवर में 8 विकेट पर 125 रन बनाए। जिसमें लक्ष्य कैंतुरा ने 57 और आरव पंत ने 14 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। श्री स्टंप्स एकेडमी की ओर से विकास कुमार ने चार, अर्णव वर्मा ने दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछे करने उतरी श्री स्टंप्स क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज कप्तान अयान अली की गेंदबाजी के आगे नहीं टिक सके और पूरी टीम 22 ओवर में 93 रनों पर ढेर हो गई। अर्णव वर्मा ने 30, सहदेव ने 21, आर्यन गंगोत्री ने 12 रन टीम के लिए जोड़े। नौटियाल क्रिकेट एकेडमी के लिए अयान अली ने 6, चिराग छेत्री ने दो विकेट झटके। कृष्णा क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड में समर्थ क्रिकेट एकेडमी और गलैंट क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए मैच में समर्थ क्रिकेट एकेडमी ने 76 रनों से जीत हासिल की।

संक्षिप्त समाचार...

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

देहरादून(संवाददाता)। सहस्रधारा रोड पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हुए ऑटो चालक की मौत हो गई। ऑटो चालक की पत्नी की तहरीर पर रविवार को राजपुर थाना पुलिस ने आरोपी बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना बीते 13 फरवरी की रात करीब 8:15 बजे की है। पुलिस को दी गई शिकायत में दो बच्ची रोड, अनिरुद्ध कुमार देशवाल रेजिडेंसी निवासी मोहिनी ने बताया कि उनके पति श्याम सुंदर चौहान (ऑटो चालक) तिब्बती कॉलोनी, आईटी पार्क के पास से घर आने की तैयारी कर रहे थे। वह अपने ऑटो के पास खड़े थे। इसी दौरान शहर से सहस्रधारा की ओर जा रही एक तेज रफ्तार पल्सर बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। चश्मदीदों के मुताबिक बाइक काफी तेज गति में थी और उस पर एक युवती भी बैठी थी। गंभीर रूप से घायल श्याम सुंदर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मोहिनी ने बताया कि वह सदमे और सामाजिक कर्मकांडों के कारण तुरंत पुलिस को सूचना नहीं दे पाई थीं। आरोपी बाइक चालक की पहचान भूपेश रौतेला निवासी चमोली के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर प्रदीप रावत ने बताया कि आरोपी भूपेश के खिलाफ सड़क हादसे में किसी व्यक्ति को मारने की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## शिक्षा निदेशालय बवाल में हिस्ट्रीशीटर कल्ली समेत चार गिरफ्तार

देहरादून(संवाददाता)। ननूरखेड़ा स्थित प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में बीते शनिवार को हुए हाई-प्रोफाइल बवाल, तोड़फोड़ और मारपीट के मामले में सोमवार को पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर कल्ली समेत चार आरोपी गिरफ्तार किए। हिस्ट्रीशीटर बवाल के दौरान विधायक उमेश शर्मा काऊ के साथ मौजूद था। गिरफ्तारी की कार्रवाई सीसीटीवी फुटेज, चश्मदीदों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को जल्द न्यायालय में पेश किया जाएगा। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि इस मामले में हिस्ट्रीशीटर अरविंद पुंडीर उर्फ कल्ली निवासी ननूरखेड़ा, रायपुर, लक्ष्मण नवानी निवासी शिवलोक कॉलोनी लाडपुर, राकेश थपलियाल निवासी तपोवन रोड, लाडपुर और अक्षय राणा निवासी सौंधोवाली, रायपुर गिरफ्तार किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से भेंट कर हरिद्वार महाकुंभ 2027 की तैयारियों चर्चा की

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से शिष्टाचार भेंट कर वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले महाकुंभ की तैयारियों तथा नमामि गंगे से संबंधित परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुंभ 2027 के सफल, सुव्यवस्थित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से सतत आयोजन को सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (छडळ) के अंतर्गत घ्408.82 करोड़ की परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जनवरी से अप्रैल 2027 तक आयोजित होने वाले इस महाआयोजन में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है, जिसके दृष्टिगत गंगा की निर्मलता, स्वच्छता एवं अविरलता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों हेतु घ्253 करोड़ के प्रस्तावों की स्वीकृति, जल जीवन मिशन के अंतर्गत अतिरिक्त राशि जारी करने करने के साथ ही इकबालपुर नहर प्रणाली, कनखल एवं जगजीतपुर नहर की क्षमता विस्तार का भी अनुरोध किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे असिंचित भूमि की सिंचाई के लिए 665 क्यूसेक पानी उपलब्ध हो सकेगा। जिससे हरिद्वार जिले के भगवानपुर और लक्सर क्षेत्र को लाभ मिलेगा। परियोजना से लगभग 13 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलने का अनुमान है।साथ ही क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान भी होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से हरिद्वार कुंभ 2027 को दिव्य, भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया जाएगा तथा गंगा संरक्षण के लक्ष्य को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन्स डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email: jokhimdehradun2006@gmail.com

ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़ने के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com